Ph. No. 0184-2254220. Fax No. 0184-4044504,
e-mail ID: nagarnigamkarnal@yahoo.com
website: www.mckarnal.org
Address:- Bays No. 11-16, Sector-12, Near Canara Bank, Karnal.

कार्यालय नगर निगम, करनाल

क्रमांक 2749 /न0नि0क0 दिनांक 28/5/24

सेवा में

निदेशक,
लोक सम्पर्क विभाग, हरियाणा,
एस.सी.ओ. न. 23, सैक्टर 7–सी,
मध्य मार्ग, चण्डीगढ़।

विषयः **नगर निगम, करनाल की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2024–25 के लिए लीज़ पर देने का विज्ञापन प्रकाशित करने बारे।**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

नगर निगम, करनाल द्वारा गाँव उचाना, झंझाड़ी, कम्बोपुरा, फूसगढ़, कैलाश, जरीफा वीरान् व सैदपुरा की कृषि योग्य भूमि को ठेके पर देने के लिए दिनांक 07.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे खुली बोली अयोजित की जानी है जिसका विज्ञापन निम्न अनुसार अखबार में दिया जाना हैः–

बोली सूचना

नगर निगम, करनाल द्वारा कृषि योग्य भूमि की एक वर्ष (2024–25) के लिए गाँव उचाना, झंझाड़ी, कम्बोपुरा, फूसगढ़, कैलाश, जरीफा वीरान् व सैदपुरा की दिनांक 07.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे नगर निगम, करनाल कार्यालय स्थित सैक्टर–12, करनाल के कॉन्फ्रैन्स हॉल में बोली आयोजित की जाएगी। बोली में भाग लेने से पूर्व सम्भावित बोलीदाता को दिनांक 06.06.2024 को सायं 4:00 बजे तक 50,000/– रूपये की धरोहर राशी डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में नगर निगम, करनाल में जमा करवानी होगी। उपरोक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर निगम, करनाल के हक में देय होना अनिवार्य होगा जोकि असफल बोलीदाता को बोली समाप्ति के तुरन्त बाद मौका पर ही लौटा दिया जाएगा। बोली के सभी नियम व शर्तें मौका पर सुनाए जाऐंगे।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस प्रकाशन को प्रकाशित करने में राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा से अनुमति लिए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि लोकसभा व विधानसभा के चुनाव पहले ही दिनांक 25.05.2024 को सम्पन्न हो चुके हैं तथा बोली की तिथि आदर्श चुनाव आचार संहिता जोकि 06.06.2024 को समाप्त हो रही है, के बाद दिनांक 07.06.2024 के लिए निर्धारित की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना का प्रकाशन हिन्दी व अंग्रेजी संस्करण में दिनांक 04.06.2024 व 05.06.2024 को प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

%C

आयुक्त,
नगर निगम, करनाल।
28/5/24

Mohit
28/05/24